## जनपद हमीरपुर

**थाना राठ** **दिनांक 31.07.2026**

**थाना राठ टीम द्वारा मु0अ0स0 260/026, धारा- 303(2),317(2),317(4) बीएनएस से सम्बन्धित चोरी किये गये एक अदद ट्रैक्टर के साथ अभियुक्त की गिरफ्तारी करने के सम्बन्ध में-**

**घटना का संक्षिप्त विवरण :**




अवगत कराना है कि दिनांक 29.07.2026 को थाना कोतवाली राठ पर प्राप्त तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर द्वारा वादी के कमरे के बाहर खड़े ट्रैक्टर महिन्द्रा 265 DI लाल रंग को चोरी कर ले जाने के संबंध में मु0अ0सं0 260/2026 अंतर्गत धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

**पुलिस कार्यवाही :**

थाना कोतवाली राठ पुलिस टीम द्वारा तत्परता एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए उपरोक्त घटना का सफल अनावरण किया गया। जांच एवं सुरागरसी के आधार पर अभियुक्त पवन यादव पुत्र दृगपाल यादव निवासी ग्राम लिधौरा थाना मझगवां जनपद हमीरपुर, उम्र लगभग 19 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी गया एक अदद ट्रैक्टर महिन्द्रा 265 DI लाल रंग, बिना नंबर बरामद किया गया। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2), 317(4) बीएनएस की वृद्धि की गई। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त :**

पवन यादव पुत्र दृगपाल यादव (उम्र लगभग 19 वर्ष) निवासी ग्राम लिधौरा थाना मझगवां जनपद हमीरपुर।

**गिरफ्तारी का स्थान :**

जियो पेट्रोल पम्प के आगे, पनवाड़ी रोड।

**बरामदगी :**

एक अदद ट्रैक्टर महिन्द्रा 265 DI लाल रंग (बिना नंबर)।

**पुलिस टीम :**

- उपनिरीक्षक संगमलाल प्रजापति
- कांस्टेबल मिथुन पौरिया
- कांस्टेबल प्रदीप शर्मा